# OFFICE OF THE PRESIDENT

## SCHOOL GAMES FEDERATION OF INDIA

Chember No- 704-705, 7th FloorAakriti Tower,
Vidhan Sabha Marg, Lucknow

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया कार्यालय, लखनऊ में प्रमाण –पत्र, रिबिन, आई कार्ड पेपर, प्रमाण पत्र, प्रिन्टिंग एवं आई कार्ड प्लास्टिक कवर हेतु

## निविदा सूचना /शर्ते

कार्यालय अध्यक्ष, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ में 69वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ हेतु पात्रता प्रमाण –पत्र (मल्टी कलर), प्रतिभागिता प्रमाण पत्र, रिबिन (सिंगल कलर), आई कार्ड पेपर एवं आई कार्ड प्लास्टिक कवर, प्रमाण– पत्र प्रिटिंग (4 कलर) , बुक प्रिटिंग हेतु निविदायें आमंत्रित की जानी है। सीलबन्द निविदा दो पार्ट जिसमें प्रथम भाग टेक्निकल बिड प्रस्ताव लिफाफा तथा द्वितीय भाग में वित्तीय बिड प्रस्ताव के लिफाफे जिसके ऊपर क्रमशः टेक्निकल बिड तथा वित्तीय बिड प्रस्ताव कन्ज्यूमेबिल निविदा वर्ष 2025–2026 लिखा होगा इन दोनो लिफाफो को एक लिफाफे में रखकर सीलबन्द स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, 704–705, 7वीं मंजिल, आकृति टावर, लखनऊ को निम्नवत दर्शाये गये दिनांक एवं शर्तो के अधीन प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य हैः–

1. टेक्निकल /वित्तीय बिड दो –दो प्रतियों में अलग –अलग कवर के साथ तथा संबंधित प्रपत्रों सहित दिनांक 05.08.2025 को 2:00 बजे अपरान्हन तक कार्यालय अध्यक्ष, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, 704–705, 7वीं मंजिल, आकृति टावर, लखनऊ में प्राप्त की जायेगी।
2. यदि टेक्निकल बिड को दो प्रतियों में एवं फाइनेशियल बिड दो प्रतियों में नही दिया जाता है तो उसे स्वीकार नही किया जायेगा। टेक्निकल बिड के लिफाफे दिनांक 05.08.2025 को सायं 4:00 बजे खोले जायेंगे तथा उसी के तत्काल पश्चात परीक्षणोपरांत तकनीकी रूप से अर्ह पाये गये निविदा दाताओ की फाइनेंशियल बिड के लिफाफे दिनांक 05.08.2025 को अपरान्ह 5:00 बजे खोले जायेंगे।
3. फर्म प्रत्येक प्रिन्टिंग एवं लेखन सामग्री की केवल एक क्वालिटी (दिये गये नमूने एवं दिये गये स्पेसिफिकेशन के अनुसार) जिन्हें वे उत्तम क्वालिटी के समझते हो उसी का रेट निविदा के साथ प्रस्तुत करें।
4. समस्त निविदा की दर एफ0ओ0आर0 डेस्टिनेशन होगी । एक्स गोदाम पर अस्वीकृत होगी।
5. समस्त आपूर्ति सामग्री के मूल्य पर जहाँ देय है , नियमानुसार जी0एस0टी0 /कामर्शियल टैक्स आदि फर्म द्वारा देय होगा एवं उक्त आपूर्तित सामग्री / उपकरण के मूल्य पर देय आयकर के बराबर टी0डी0एस0 की कटौती एस0जी0एफ0आई0 द्वारा की जायेगी।
6. स्वीकृत प्रिन्टिंग एवं लेखन सामग्री आपूर्ति के पश्चात् निम्न स्तर की पायी जायेगी तो सामग्री वापस कर दी जायेगी तथा धरोहर की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
7. निर्धारित तिथि के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी अन्यथा क्रयादेश आंशिक अथवा पूर्ण रूप से निरस्त किया जा सकता है। आपूर्ति आंशिक या पूर्ण रूप से न किये जाने पर तथा इसका समुचित कारण न पाये जाने पर संबंधित फर्म/निर्माता /अधिकृत विक्रेता /सबडीलर की धरोहर की धनराशि जब्त किये जाने आदि की कार्यवाही की जा सकती है।

SCHOOL GAMES FEDERATION OF INDIA

8. निविदा प्रस्तुत करने के इच्छुक प्रत्येक निर्माता /अधिकृत विक्रेता /सबडीलर को निविदा फार्म हेतु निविदा शुल्क के रूप में रु0 1000/– डी0डी0 द्वारा स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ के पक्ष मे लिया जायेगा जिसकी रसीद संबंधित फर्म को दी जायेगी।
9. स्वीकृत निविदादाताओं से नियमानुसार जमानत ली जायेगी।
10. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया कार्यालय लखनऊ को समस्त या किसी एक निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार रहेगा।
11. फर्म की जी0एस0टी0/व्यापार कर रजिस्ट्रेशन संख्या निविदा में उल्लिखित होनी आवश्यक है। वर्तमान में निर्गत /प्राप्त रजिस्ट्रेशन फार्म –11 सर्टिफिकेट की प्रतिलिपि संलग्न की जाये।
12. निविदा बॉक्स स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, चैम्बर नं0 704–705, 7वीं मंजिल, आकृति टावर, विधान सभा मार्ग, लखनऊ में रखा हुआ है जिसमें सभी निविदाये निर्धारित समय –सीमा के अन्तर्गत डाली जायेगी , निविदा प्राप्त नही की जायेगी।
13. स्वीकृत सामग्री अधिकृत विक्रेता को उसी दर पर आपूर्ति करनी होगी जो दर फाइनेंशियल बिड में अंकित होगी।
14. निविदा में स्वीकृत दरें एक वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यदि कोई अनुबन्धित फर्म निविदा में अनुमोदित/स्वीकृत प्रिन्टिंग एवं लेखन सामग्री को अंकित दरों पर उसे आपूर्ति करने में असमर्थ पाया गया तो धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी तथा भविष्य में उसका कोई भी टेण्डर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ द्वारा स्वीकार नही किया जायेगा।
15. स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ द्वारा नामित निविदा समिति टेक्निकल बिड एवं तद्पोरान्त फाइनेशियल बिड के न्यूनतम मूल्य के आधार पर सामग्रियों की दरों की संस्तुति करेगी।
16. निविदा/आमंत्रण की अंन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का निविदा में आमंत्रण/संशोधन सम्बन्धी पत्राचार मान्य नही होगा।
17. निविदादता को निविदा के साथ धरोहर राशि के रुप में राष्ट्रीकृत बैंक का रु0 50,000/–का बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा की रसीद स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ के नाम से अर्नेस्ट मनी के रूप में जमा करना अनिवार्य है।
18. टेक्निकल बिड प्रस्ताव के साथ निविदादाताओं को रू0 1000/– फार्म शुल्क रसीद की छायाप्रति व रू0 50,000/– अर्नेस्ट मनी की धनराशि के बैंक ड्राफ्ट /सावधि जमा रसीद की छायाप्रति तथा जी0एस0टी0 कामर्शियल टैक्स/फार्म–11 पंजीकरण प्रमाण –पत्र की छायाप्रति तथा हस्ताक्षरित निविदा शर्ते आदि संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
19. वित्तीय बिड से संबंधित लिफाफे में केवल सामग्रियों के रेट दो प्रतियों में निविदादाताओं द्वारा सामग्री उपकरणवार अलग–अलग दिया जाना अनिवार्य है।
20. निविदादाता निर्धारित प्रारूप पर दी गयी स्पेसीफिकेशन के अनुसार ही सामग्रियों आदि के ब्राण्ड /रेट उल्लिखित करेंगे।
21. निविदादाता अपनी –अपनी सुविधा के अनुसार अपने –अपने फर्म के पैड अथवा वित्तीय बिड के टेण्डर फार्म पर निर्धारित प्रारूप पर दी गयी स्पेसीफिकेशन के अनुसार ही सामग्रियों आदि के नाम /रेट उल्लिखित कर सकते है तथा इन प्रपत्रों पर उनके द्वारा हस्ताक्षर कर मोहर लगाया जाना अनिवार्य होगा।

22. सामग्री/ उपकरणों आदि की क्रय की जाने वाली मात्रायें आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
23. निविदाता को प्रिटिंग में कार्य का लगभग तीन वर्ष का अनुभव हो तथा साक्ष्य के रूप में प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा।
24. निविदादाता से यह अपेक्षा की जाती है कि वे निविदा प्रपत्र निर्देशों /शर्तों आदि का भलीभाँति परीक्षण कर ले। आवश्यक शर्ते/प्रपत्र आदि पूर्ण करने की जिम्मेदारी निविदादाता की ही होगी। सशर्त निविदायें अमान्य होगी।
25. निविदा भरने व जमा करने पर होने वाले समस्त व्यय निविदादाता द्वारा ही वहन किया जायेगा। स्वीकृत निविदादाता को निष्पादित होने वाले अनुबन्ध –पत्र हेतु रू0 100/– मात्र का नॉन ज्यूडीशियल स्टैम्प पेपर उपलब्ध कराना होगा।
26. निविदा में पत्राचार हेतु हिन्दी व अग्रेंजी भाषा मान्य होगी।
27. निविदा स्वीकार होने पर किसी भी प्रकार का अग्रिम का भुगतान नही किया जायेगा।
28. टेक्निकल बिड के साथ निम्नलिखित साक्ष्यों /प्रपत्रों की प्रमाणित छाया प्रतिया संलग्न की जानी आवश्यक है एवं उन पर निविदादाता के भी हस्ताक्षर होने चाहिए।
    (अ) निविदा धरोहर की धनराशि के बैंक ड्राफ्ट/सावधि जमा रसीद (निविदा दाता द्वारा इस पर हस्ताक्षर नहीं किये जायेंगे)।
    (ब) अनुभव प्रमाण–पत्र एवं वर्तमान में किये जा रहे कार्यो का संक्षिप्त विवरण।
    (स) निविदा शर्तो को हस्ताक्षरित कर टेक्निकल बिड प्रस्ताव के साथ।
    (द) जी0एस0टी0 पंजीयन संबंधी प्रमाण –पत्र या फार्म –11 प्रमाण –पत्र।
    (य) वर्ष 2024–2025 का अधिकृत प्रमाण –पत्र ।
    (र) अद्यतन आयकर प्रमाण पत्र /पैन संख्या/ जी0एस0टी नं0/ टैन नं0। ( तीन वर्ष)
29. किसी भी दशा में निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा प्रपत्र न तो बेचे जायेगे और न ही प्राप्त किये जायेगे। डाक से मँगायी गयी एवं भिजवायी गयी निविदायें विलम्ब से प्राप्त होने पर स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ किसी भी दशा में उत्तरदायी नही होगा।
30. निविदायें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ द्वारा गठित निविदा समिति द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी।
31. निविदादाता को अपने डाक का पता , फोन नं0 लिखित रूप में देना होगां । उस पते पर डाक द्वारा भेजी गयी सूचना/निर्देश निविदादाता को तामील हुआ माना जायेगा
32. निविदादाता को 10 लाख या 10 लाख से अधिक का एक ही फर्म के लिए प्रिटिग का कार्य करने का अनुभव हो।
33. निविदादाता द्वारा पते में परिवर्तन की सूचना अविलम्ब स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ कार्यालय को देनी होगी।
34. निविदादाता फर्म का वार्षिक टर्न ओवर कम से कम रू0 50 लाख होना चाहिए।
35. निविदादाता चाहें तो निविदा खुलते समय उपस्थित रह सकते है।
36. दरों पर कटिंग, अपलेखन अथवा फ्लूड लगाना वर्जित है। फिर भी यदि कटिंग हो तो टेण्डर दाता द्वारा पूर्ण हस्ताक्षर से संत्यापित किया जाये, अपलेखन /फ्लूड लगाना पूर्णतया वर्जित है।

SCHOOL GAMES FEDERATION OF INDIA

37. किसी भी विवाद की दशा में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया, लखनऊ कार्यालय का फैसला अन्तिम होगा जो उभय पक्षों को प्रत्येक दशा में मान्य होगा।

38. समस्त सामग्री की आपूर्ति एक साथ अथवा संस्था अपनी जरुरत के हिसाब से ले सकता है।

39. सह भागिता प्रमाण पत्र , पात्रता प्रमाण पत्र, आई कार्ड पेपर, आई कार्ड प्लास्टिक कवर, रिबिन आदि का आकार , प्रमाण पत्र की विशिष्टिया, कागज की विशिष्टिया आदि :–

| S.no | Item Name | specifications |
|---|---|---|
| 1. | Certificate ( Participation) | Non Tear able 200 Micron/200 GSM Water Resistance paper Size A4 |
| 2. | Certificate ( Merit) | Non Tear able 200 Micron/200 GSM Water Resistance paper Size A4 Printing 4 color ( Front) & Black ( Back) |
| 3. | ID Card Ribbon | Width 1.5 CM<br>Length 40 Inch<br>Printing Single Color |
| 4. | Id Card Paper | 130 GSM Size A4 |
| 5. | ID Card Plastic Cover | (115*92 MM) |
| 6. | Printing | 4 color (front) & Black Color (Back) |
| 7. | Book Printing | 16 page (4 Color) and other page Black Color |

Note: Packing Instruction.

1. 500 Certificate must be packed in a properly paper wrap packet.
2. 2000 certificate (4 packets of 500 pcs) must be packed in 3 ply corrugation ply boxes.
3. Rate must be quote inclusive of GST.
4. Delivery at School Games Federation of India, Lucknow.

SCHOOL GAMES FEDERATION OF INDIA